# बांटे सभी को प्यार बालाजी | By Ram Kumar Lakha |

दोहा : सबको ही खुशियां मिलती है,
ऐसी बाबा की भक्ति है,
सबके ही दुखों को मिटाती,
ऐसी बाबा की शक्ति है।

बांटे सभी को प्यार बालाजी
करते सभी पे उपकार बालाजी,
बांटे सभी को प्यार बालाजी

राम नाम के मोती बांटे,
राम के आज्ञाकार बालाजी,
बांटे सभी को प्यार बालाजी

इस कलयुग में राज है इनका,
करते धर्म का प्रचार बालाजी,
बांटे सभी को प्यार बालाजी

इनके दर जो अर्जी लगाते,
उनके तो भरे भंडार बालाजी,
बांटे सभी को प्यार बालाजी ।

'रामकुंवर' है तेरा पुजारी,
कर दो मेरा भी बेड़ा पार बालाजी,
बांटे सभी को प्यार बालाजी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%9f%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-by-r/